Headline: At the convocation ceremony of IIHMR University, degrees were awarded to 334 students, and medals were conferred upon the top 8 achievers.

Print Coverage:

Date	Publication	Edition
22.07.2024	Rajasthan Patrika	Jaipur

आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह

334 स्टूडेंट्स को मिली डिग्री, टॉप आठ अचीवर्स को मेडल

जयपुर @ पत्रिका प्लस. स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान विश्वविद्यालय आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी जयपुर की ओर से कैंपस में वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 334 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई।

मुख्य अतिथि एबॉट इंडिया लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर स्वाति दलाल, विशिष्ट अतिथि साइंटिस्ट डॉ. महनाज वाहेदी थीं। यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन सुदर्शन जैन ने बताया कि समारोह में 8 छात्रों को पीएचडी की उपाधि, 208 छात्रों को एमबीए (हॉस्पिटल और हेल्थ मैनेजमेंट), 105 छात्रों को एमबीए (फार्मास्युटिकल मैनेजमेंट) और 13 छात्रों को एमबीए (डवलपमेंट मैनेजमेंट) की डिग्री प्रदान की गई।

प्रेसिडेंट डॉ. पी.आर. सोडानी ने कहा कि वर्ष 2023-24 के दौरान वर्तमान और भविष्य की बाजार आवश्यकताओं के अनुसार स्कूल ऑफ डिजिटल हेल्थ की स्थापना भी की है। यूनिवर्सिटी ने टॉप आठ अचीवर्स को 'वी.पी. अग्रवाल' स्वर्ण और रजत पदक से सम्मानित किया।